**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1820**
**दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 / 20 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**देश में नक्सली गतिविधियां**

**1820 श्री परिमल नथवानीः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या यह सच है कि देश में नक्सली गतिविधियों बढ़ रही हैं;**

**(ख) विगत चार वर्षों में देश में हुए नक्सली हमलों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और**

**(ग) विगत चार वर्षों में देश में नक्सली हमलों में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों की संख्या कितनी है ?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क): जी नहीं, महोदय।

(ख): वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) की समस्या से समग्र रुप से निपटने के लिए, वर्ष 2015 में भारत सरकार ने "एलडब्ल्यूई से निपटने हेतु राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना" को अनुमोदन प्रदान किया था। नीति में सुरक्षा संबंधी उपायों, विकास हस्तक्षेपों, स्थानीय समुदायों के अधिकारों और हकों को सुनिश्चित करने आदि को शामिल करते हुए एक बहुआयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है। नीति के दृढ़ कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप पूरे देश में एलडब्ल्यूई हिंसा और भौगोलिक प्रसार में निरंतर कमी आई है। एलडब्ल्यूई संबंधी हिंसा की घटनाओं में वर्ष 2010 के सर्वाधिक स्तर की तुलना से वर्ष 2023 में 73% की कमी आई है। परिणामी मौतों (सुरक्षा बलों + आम नागरिकों) में भी 86% की कमी आई है, जो वर्ष 2010 में अब तक के सर्वाधिक स्तर 1005 से कम होकर वर्ष 2023 में 138 हुई है। वर्तमान वर्ष 2024 (15.11.2024 तक) में वर्ष 2023 की इस अवधि की तुलना में,वामपंथी उग्रवाद से संबंधित घटनाओं में 25% की कमी आई है।

**राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1820, दिनांक 11.12.2024**

वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा का भौगोलिक प्रसार में भी पर्याप्त कमी हुई है और वर्ष 2013 में 10 राज्यों में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर वर्ष 2024 में (अप्रैल-2024 से प्रभावी) 09 राज्यों में केवल 38 रह गई है।

पिछले चार वर्षों में वामपंथी उग्रवादियों द्वारा अंजाम दी गई घटनाओं का ब्योरा निम्नानुसार है:

| **राज्य** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** | **2024 (15 नवम्बर, 2024 तक)** |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 11 | 08 | 03 | 03 | 01 |
| बिहार | 17 | 20 | 11 | 04 | 02 |
| छत्तीसगढ़ | 241 | 188 | 246 | 304 | 206 |
| झारखंड | 154 | 100 | 96 | 129 | 60 |
| केरल | 01 | 00 | 00 | 04 | 00 |
| मध्य प्रदेश | 07 | 15 | 16 | 07 | 07 |
| महाराष्ट्र | 13 | 15 | 16 | 19 | 10 |
| ओडिशा | 21 | 11 | 16 | 12 | 06 |
| तेलंगाना | 05 | 04 | 09 | 03 | 07 |
| पश्चिम बंगाल | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| **कुल** | **470** | **361** | **413** | **485** | **299** |

(ग): पिछले चार वर्षों के दौरान देश में वामपंथी उग्रवाद विरोधी ऑपरेशनों में शहीद हुए सुरक्षा कार्मिकों की संख्या निम्नानुसार है;

| **वर्ष** | **शहीद हुए सुरक्षा कार्मिकों की संख्या** |
|---|---|
| 2020 | 43 |
| 2021 | 50 |
| 2022 | 16 |
| 2023 | 32 |
| 2024 (15 नवम्बर, 2024 तक) | 18 |

*****